पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल एवं वन मंत्री ने राजभवन में वृक्षारोपण किया
22 करोड़ पौधे रोपित करना 'पौधरोपण कुंभ' के समान - श्री नाईक
प्रदेशवासी पौध रोपिण कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें - श्री दारा सिंह चौहान

लखनऊः 03 जुलाई, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक एवं वन मंत्री श्री दारा सिंह चौहान ने प्रदेश में 1 से 7 जुलाई तक चल रहे 'वन महोत्सव सप्ताह' के अंतर्गत आज राजभवन में 'मौलश्री' के पौधे रोपित किये। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव द्वारा भी पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री पवन कुमार सहित वन विभाग एवं राजभवन के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने पूर्व राज्यपाल स्व0 विष्णुकांत शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन की धन्वन्तरि वाटिका में हो रहा है। इस वाटिका की स्थापना पूर्व राज्यपाल विष्णुकांत शास्त्री द्वारा की गयी थी। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में कार्यक्रम के आयोजन से राजभवन गरिमा बढ़ने के साथ-साथ आयोजक की भी गरिमा बढ़ती है। राजभवन अपनी ऐतिहासिक इमारत के साथ अपनी हरियाली के लिये भी विशेष स्थान रखता है। राज्यपाल ने कहा कि कल आयी आंधी से राजभवन में 9 पेड़ गिर गये है तो कम से कम 9 पौधे तो रोपित किये ही जाने चाहिए। पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनका उचित रख-रखाव एवं संवर्धन का भी प्रयास होना चाहिए। वृक्षारोपण के पश्चात् उन्हें दत्तक लेने की परम्परा की शुरूआत करें। उन्होंने कहा कि सनातन परम्परा में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

श्री नाईक ने कहा कि वृक्ष छाया एवं फल देने के साथ-साथ तन एवं मन को प्रसन्नता भी प्रदान करते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी वृक्षारोपण किया जाना महत्वपूर्ण हैै। राज्य सरकार ने प्रदेश की 22 करोड़ की आबादी को देखते हुए 15 अगस्त को 22 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्यपाल ने कहा कि कुंभ की तैयारियों के समय भी आशंकाएं व्यक्त की जा रही थी परन्तु कुंभ समाप्ति के बाद ऐसा कहा जा रहा है कि ऐसा भव्य कुंभ पहले नहीं आयोजित हुआ। वृक्षारोपण का लक्ष्य बड़ा जरूर है परन्तु प्रदेश की आबादी भी 22 करोड़ है। यदि प्रति व्यक्ति एक पौधा भी लगाया जायेगा तो आसानी से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 22 करोड़ पौधे रोपित करना 'पौधरोपण कुंभ' के समान है। राज्यपाल ने पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वन मंत्री श्री दारा सिंह चौहान का अभिनन्दन करते हुये कहा कि 15 अगस्त को हमारा स्वतंत्रता दिवस है। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार सैनिक हमारी सरहदों की रक्षा करते हैं उसी प्रकार वृक्ष भी पर्यावरण की रक्षा करते है तथा संतुलन बनाने का काम करते हैं। राज्यपाल ने बताया कि 4 जुलाई को स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्य तिथि है। राजभवन में स्वामी विवेकानन्द जी की 12.5 फुट ऊंची कांस्य की प्रतिमा भी स्थापित करने का प्रस्ताव

है।

वन मंत्री श्री दारा सिंह चौहान ने राज्यपाल का अभिनन्दन करते हुये कहा कि राज्यपाल ने 'वन महोत्सव सप्ताह' के अवसर पर राजभवन में पौध रोपण किया वह प्रेरणा प्रदान करने वाला है। पेड़ प्रदूषण से मुक्ति दिलाते हैं एवं पर्यावरण की रक्षा करते हैं। उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना के पश्चात् प्रदेश का वनाच्छादन केवल 7 प्रतिशत रह गया था। राज्य सरकार ने इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुये पौधरोपण का लक्ष्य बनाया है। इस वर्ष 22 करोड़ पौधे रोपकर इतिहास रचने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि पौधरोपण के अभियान में पौधा रोपित कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

अंजुम/ललित/राजभवन (234/4)

श्री हेमन्त राव
अपर मुख्य सचिव
श्री राज्यपाल उ.प्र.